सुविचार
फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना, क्योंकि इस बार सुरूवात शून्य से नहीं अनुभव से होगी।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-41 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## झूठा या तंग करने के उद्देश्य से लगाए गए वाद का खर्च भी मिलता है पक्षकार को जानिए/CPC...

बहुत से मामले ऐसे होते हैं जो आपसी रंजिश के तहत लगा दिए जाते हैं जैसे की जमीन संबंधित विवाद, संपत्ति, पैसे के लेने देन, तलाक संबंधित वाद आदि ऐसे बहुत से सिविल मामले होते हैं जो व्यक्ति को परेशान करने के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति किसी भी पक्षकार पर जबर्दस्ती अधिरोपित कर देता है। लेकिन न्यायालय में न्याय सही किया जाता है क्योंकि न्यायालय सबूतों, एवं गवाहों और जांचों के आधार पर किया जाता है ऐसे में कोई पक्षकार किसी व्यक्ति पर झूठा एवं तंग करने वाला वाद लगा देता है और न्यायलय में यह बात भी साबित हो जाती है तब व्यथित पक्षकार के नुकसान की भरपाई न्यायालय किस कानून के अंतर्गत करेगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 35(क) की परिभाषा ?

न्यायालय मिथ्या या तंग करने वाले दावों या प्रतिरक्षाओ के लिए प्रतिकारात्मक खर्च प्रभावित व्यक्ति को प्रदान करवा सकती है,कितने प्रतिकारात्मक खर्चे प्रदान करवाना है प्रभावित पक्षकार को यह न्यायालय के विवेकाधिकार पर है । वेंकट स्वामी बनाम लक्ष्मी नारायण मालमे में न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि प्रभावित पक्षकार को प्रतिकर( अनुदान) खर्च प्रदान किया जाना चाहिए।

**विशेष नोट**- इस धारा के अंतर्गत प्रतिकारात्मक खर्च सिर्फ वादों पर ही दिया जाता है किसी अपील या पुनः निरीक्षण मामले में नहीं।

## नाई अगर बाल काटते समय कान काट दे तब किस धारा के अंतर्गत अपराध होगा जानिए/legal advice...

ज्यादातर ऐसी घटनाएं बहुत से लोगो के साथ होती है जब कोई व्यक्ति उतावलेपन या उपेक्षापूर्वक कोई कार्य कर रहा है ओर इसी कारण किसी व्यक्ति को सामान्य चोट पहुच जाए तो यह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 337 के अंतर्गत अपराध होगा जैसे कि कोई नाई बाल काटते समय कान काट दे, या कोई साइकिल चलाते समय उतावलेपन या मस्ती में किसी व्यक्ति को टकर मार दे या कोई भागते समय किसी व्यक्ति से टकरा जाए आदि। आईपीसी की धारा 337 का अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होता है अर्थात पुलिस थाना अधिकारी ऐसे अपराध की तुरंत एफआईआर दर्ज करेगा एवं जमानत भी पुलिस थाने से ही ली जा सकती है। इस अपराध की सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है,इस अपराध के लिए अधिकतम छः माह की कारावास का पांच सौ रुपये जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### भारतीय दण्ड संहिता की धारा 337 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 320 की उपधारा (2) के अनुसार उतावलेपन या उपेक्षापूर्वक किसी व्यक्ति की उपहति करने का अपराध समझौता योग्य अपराध है इस अपराध का समझौता न्यायालय की आज्ञा पर या न्यायालय की मंजूरी के उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिसको उपहति की गई है।

# आपका हर वोट लोकतंत्र के लिए बहुमूल्य PM मोदी ने की छत्तीसगढ़, MP के मतदाताओं से अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (PM Narendra Modi) ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकारों का इस्तेमाल करने की अपील की. मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh Elections 2023) में शुक्रवार को सभी विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ में दूसरे तथा अंतिम चरण के लिए 70 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा है. मध्य प्रदेश के मतदाताओं को दिए संदेश में उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य भर के मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग करेंगे और लोकतंत्र के इस उत्सव की चमक में चार चांद लगाएंगे.



प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज मध्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे. मुझे विश्वास है कि राज्य के हर क्षेत्र के मतदाता पूरी गर्मजोशी से मतदान करेंगे और लोकतंत्र के इस महापर्व की रौनक बढ़ाएंगे. इस चुनाव में पहली बार वोट देने वाले राज्य के सभी युवाओं को मेरी विशेष शुभकामनाएं.मध्य प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए आज मतदान हो रहा है. वहीं, छत्तीसगढ़ (Chhattisgarh Elections ) में भी दूसरे फेज के तहत 70 सीटों पर वोट 8 बजे से डाले जा रहे हैं. मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटों पर 2,533 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करने के लिए मतदान हो रहा है, जिनमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी कमलनाथ जैसे राजनीतिक दिग्गज शामिल हैं. इधर, छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 70 सीटों पर दूसरे और अंतिम चरण का मतदान होगा, जिसमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री राज्य के आठ मंत्रियों और चार सांसदों समेत 958 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

# सिंधिया की सक्रियता के कारण ग्वालियर दक्षिण सीट पर सबकी नजरें

**ग्वालियर।** अंचल की छह विधानसभा क्षेत्रों में से सबकी नजरें विशेष रूप से ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र पर टिकी हुई है। यह क्षेत्र चुनाव से पहले भी मचे घमासान के कारण सुर्खियों में था। अब इस सीट पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सक्रियता के कारण चर्चाओं में है। ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस व भाजपा ने अपने पुराने चेहरों को चुनावी रण में उतारा है। कांग्रेस ने सिटिंग एमएलए प्रवीण पाठक और भाजपा ने इस विधानसभा क्षेत्र से नारायण सिंह कुशवाह को टिकट दिया है। नारायण सिंह को चौथी बार टिकट मिला है। प्रवीण पाठक के राजनीतिक मंचों से खुली चुनौती देने के कारण सिंधिया भी कांग्रेस प्रत्याशी को जमीन दिखाने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। कांग्रेस विधायक का कहना है कि उनके पीछे न तो महल और न कोई महाराज, उनका चुनाव तो उनके परिवार के लोग लड़ रहे हैं। जबकि भाजपा इस विधानसभा क्षेत्र को अपना गढ़ मानकर चुनाव लड़ रही है। क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में काफी कम मतों के अंतर से भाजपा से छीन गई थी।




### 121 वोटों से थी जीत-हार

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ग्वालियर दक्षिण सीट भाजपा से छीनने के लिए प्रवीण पाठक को टिकट देकर नया प्रयोग किया था। क्योंकि यह सीट पिछले 15 साल से भाजपा के कब्जे में थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में दक्षिण के समीकरण भाजपा के पक्ष नजर आ रहे थे। अप्रत्याशित रूप से प्रवीण पाठक भले ही कम अंतराल 121 मतों के अंतर से सही, लेकिन भाजपा से दक्षिण को छीनने में कामयाब हुए।

### टिकट को लेकर मचा था घमासान

2023 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में टिकट को लेकर काफी घमासान मचा, लेकिन टिकट नारायण सिंह कुशवाह को मिला। इस सीट पर सबकी नजर होने का दूसरा कारण यह है कि क्या प्रवीण पाठक ने पिछले पांच साल में इस क्षेत्र में अपना जनाधार मजबूत कर पाए हैं कि नहीं। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से टिकट के दावे भले ही कई भाजपा नेताओं ने किये थे, लेकिन पांच वर्ष तक किसी नेता ने आपसी खीचतान के कारण इस क्षेत्र में किसी नेता सक्रियता नहीं दिखाई।

### विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता

कोरोना काल में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता नजर नहीं आए। जबकि प्रवीण पाठक प्रदेश में भाजपा सरकार होने के कारण दक्षिण में मंशा के अनुरूप विकास कार्य नहीं कर पाए हो, लेकिन क्षेत्र के लोगों के निरंतर संपर्क में रहे। चुनाव से पहले पूरे क्षेत्र की पदयात्रा कर लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहे। दूसरा इस सीट पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अन्य सीटों की अपेक्षा सक्रियता है। सिंधिया की पूरी टीम भी दक्षिण में पूरी ताकत से लगी है। कांग्रेस व भाजपा के जीत के दावे- ग्वालियर दक्षिण विधानसभा से कांग्रेस व भाजपा जीत के दावे कर रहे हैं।

# शिवराज ने कहा- माधवराव सिंधिया के लिए अभद्र शब्द कहना प्रियंका गांधी के अहंकार की पराकाष्ठा

**भोपाल।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, प्रियंका गांधी इतना नीचे उतर सकती हैं ये मेरी कल्पना नहीं थी।

### चुनावी सभा में किया था प्रियंका ने हमला

दरअसल, प्रियंका गांधी ने बुधवार को दतिया में चुनावी सभा के दौरान सिंधिया परिवार पर जुबानी हमला करते हुए कह दिया था कि इनके (भाजपा) के सारे नेता विचित्र टाइप के है। पहले तो सिंधिया जी, मैंने उनके साथ उत्तर प्रदेश में काम किया, कद में थोड़े छोटे पड़ गए, लेकिन अहंकार में तो वाह भाई वाह। हमें महाराज बोलने की आदत नहीं है। उनके पास जो भी कार्यकर्ता जाता था, कहते थे हम क्या करें महाराज-महाराज कहना पड़ता है, हमारे मुंह से नहीं निकलता तो काम ही नहीं होता हमारा। वैसे उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। विश्वासघात तो बहुतों ने किया है, लेकिन इन्होंने ग्वालियर और चंबल की जनता के साथ विश्वासघात किया। जनता की पीठ पर छुरा घोपा है। बनी बनाई सरकार को गिरा दिया और वो बनी बनाई सरकार आपकी थी, जनता से वोट दिया था। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को ही प्रियंका गांधी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा था कि प्रियंका गांधी पार्ट-टाइम नेत्री हैं तो इन दो परंपराओं के फ़र्क़ को समझने की उनमें क्षमता हो, इसकी आशा मैं नहीं करता। किस परिवार के सपूतों ने अफ़ग़ानों से लेकर मुग़लों और अंग्रेजों तक से भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान दिया था और किसने चीन से भारत की रक्षा करना तो दूर, उन्हें भारतीय ज़मीन ही भेंट के रूप में दे दी थी?



# शराब का बड़ा जखीरा बरामद भोपाल के अलग अलग इलाकों से पुलिस ने जब्त की कई लीटर अवैध देसी और अंग्रेज़ी शराब

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**





गौतम नगर पुलिस ने 146000 रुपये क़ीमत की 26 पेटी अंग्रेजी एवं 234 लीटर देशी शराब बरामद की गौतम नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर 15 नवम्बर को ग्रीन पार्क मोड गौतम नगर पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोक कर चेक किया, जिसमें 26 पेटी विदेशी एवं देसी मदिरा 234 लीटर जिसकी कीमत करीबन 146000 रुपये की अवैध शराब पायी गई एवं एक वाहन बरामद किया गया एवं वाहन चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 580/ 23 धारा 34. 2 आबकारी एक्ट 353, 186 आईपीसी का दर्ज किया गया। वहीं एम पी नगर पुलिस ने 3 लाख रुपये की 100 पेटी देशी शराब की जब्त । पुलिस ने 900 लीटर अवैध शराब शराब एवं ऑटो समेत समेत 6 लाख रुपये का सामान बरामद किया, 3 आरोपी गिरफ्तार मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर एसआई की टीम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ज्योति टॉकिज़ चौराहे के पास एक संदिग्ध टेम्पो की तलाशी ली जिसमे देसी शराब की कुल 100 पेटिया मिली, चालक व उसके साथी द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर अवैध विक्रय के लिए जा रही 100 पेटी देसी शराब जिसकी कुल मात्रा 900 लीटर पकड़ी गई तथा एमपी नगर थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# दीपोत्सव के लिए मनोज टीवीएस शोरूम वाहनों में छूट के साथ उपहार के लिए सज धज कर तैयार




**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी**

**शहडोल।** दो पहिया वाहन शोरूम मनोज टीवीएस दीपोत्सव पर रंग-बिरंगी झालरों से सज धज कर पूरी तरह से तैयार है दीपोत्सव पर्व के अवसर पर टीवीएस गाड़ियों की खरीदी पर ?1500 का नगद छूट के साथ एक आकर्षक गिफ्ट हैपर भी प्रदान किया जा रहा है । साथ ही स्क्रैच कार्ड में डॉन इनाम पाने का अवसर भी है। शोरूम में भीड़ से बचने के लिए एडवांस बुकिंग भी 1001 रुपए में कर एक आकर्षक गिफ्ट भी दिया जा रहा है। मनोज टीवीएस शोरूम में चल रहे इनामी व उपहार योजना के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर गाड़ी की बुकिंग भी कर रहे हैं। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि पुण्य नक्षत्र से शुरू दीपोत्सव पर्व को लेकर टीवीएस कंपनी की कोई भी गाड़ियां क्रय करने वाले ग्राहकों को ?1500 की नगद छूट के साथ एक आकर्षक गिफ्ट हैंपर दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य लाभ भी प्रदान किया जा रहे हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि स्क्रैच कार्ड में ढेरों उपहार पाने के साथ-साथ अन्य छूट भी ग्राहकों को दिए जा रहे हैं।टीवीएस मोटर कंपनी के मेंन डॉलर मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, योगेस गुप्ता ने बताया कि दीपोत्सव पर्व पर नगद छूट स्क्रैच कार्ड में ढेरों उपहार आकर्षक गिफ्ट हैंपर के साथ ही काम डाउन पेमेंट आकर्षक फाइनेंस की स्कीम के साथ कई प्रकार के लाभ ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। टीवीएस शोरूम में कंपनी के सभी नगद उत्पाद नए मॉडल की जुपिटर पेप्स प्लस अपाचे राइडर रेडॉन स्टार सिटी प्लस स्टार स्पोर्ट्स एक्स एल 100 के साथ सभी नए मॉडल कलर्स की गाड़ियों की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने डिपॉजन पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए नगर छूट व आकर्षक गिफ्ट हैंपर के साथ उपहार योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।दीपोत्सव पर्व के लिए शोरूम पूरी तरह से सज धज कर तरह तैयार है रंगीन जानवरों की जगमगाहट व स सजा से मनोज टीवीएस शोरूम जगमगा रहा है आकर्षक लाइट भी खूब लुभा रही है दीपोत्सव पर्व पर नगद छूट स्क्रैच कार्ड में उपहार एवं आकर्षक गिफ्ट हैंपर के साथ ही कम डाउन पेमेंट आकर्षक फाइनेंस स्कीम क्लब उठाकर अपनी खुशियों को दुगना बनाने का आह्वान किया है।



# बिजावर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी के द्वारा किए गए दलितों के अपमान पर मध्यप्रदेश परिसंघ के संयोजक आई टी इंजीनियर राहुल अहिरवार ने की कड़ी निंदा



**बिजावर।** विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी बबलू शुक्ला द्वारा दलित का किया गया अपमान तथा दलितों को चोरी चमारी कह रहे हैं जिस पर समस्त अहिरवार समाज ने कड़ी टिप्पणियां की तथा अपने आप को अपमानित महसूस किया जिस पर महिलाओं के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ प्रदर्शन किया गया एवम एफआईआर दर्ज करने की मांग की, मीडिया रिपोर्ट में इंजीनियर राहुल अहिरवार मध्य प्रदेश परिसंघ के संयोजक आई टी विभाग के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के बयानों पर निंदा करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुऐ कहा कि राजनीति के चुनावी माहौल में किसी भी जाति धर्म विशेष के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी शोभा नहीं देती, तथा यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, इस पर तत्काल प्रभाव से जांच करके कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

# बैरागढ में अवैध रूप से बिक रही आतिशबाजी एंव पटाखे, दुकानदार के पास नहीं मिला कोई वैध दस्तावेज, क्राइम ब्रांच ने की कार्यावाही

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

दीवाली के पहले अवैध आतिशबाजी पर अंकुश ,क्राइम ब्रांच भोपाल को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो हलालपुरा के पास सोनी पटाखा के नाम से दुकान चलाता है दो दुकान किराये से लेकर दुकान में बिना वैध कागजात के रिहायशी क्षेत्र में आतिशबाजी एंव फटाखे रखे हैं जिसके कारण कोई दुर्घटना हो सकती है सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एंव सूचना से नायब तहसीदार बैरागढ को अवगत किया गया । नायब तहसीलदार को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचे तो दुकानो में ताला लगा मिला एंव दुकानों के पास एक व्यक्ति नीली टीशर्ट में खड़ा था जिससे दुकान के सम्बंध में पूछताछ करने पर उसके दोनो दुकाने स्वंय की होना बताया बाद में उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम तथा उम्र 42 साल निवासी म.न.न 13 सीटीओ सर्वोदय कालोनी बैरागढ भोपाल का होना बताया एंव उनको सूचना से अवगत करते हूये दुकान संचालक से दुकानो का ताला खुलवाया गया तो दोनो दुकानो में आतिशबाजी एंव पटाखे के बॉक्स रखे मिले जिसके सम्बंध में नायब तहसीलदार के द्वारा दुकानदार से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दुकानों में करीबन 450 बॉक्स लगभग आतिशबाजी और फटाखो के रखे हैं जिसकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रूपये हैं उसने स्वीकार किया कि सामान उसी का है बाद नायब तहसीलदार के द्वारा आतिशबाजी एंव फटाखे दुकानो में रखने के सम्बंध में वैध कागजात पेश करने को कहा गया जो दुकानदार द्वारा पेश नही किये गये बाद नायब तहसीलदार साहब के द्वारा उक्त दुकानों को ताला लगा कर सीलबंद किया गया एंव दुकानों में लगे तालो की समस्त चाबिया दुकानदार को सुपुर्द करने के बाद कार्यावाही का पंचनामा तैयार किया गया । नायब तहसील के द्वारा दुकानदार को 17 अक्तुबर तक दुकानो में रखे सामग्री के सम्बंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु पाबंद किया गया।

# अंगुली पर स्याही लगाने से मना किया तो नहीं कर पाएंगे मतदान

**जबलपुर।** विधानसभा चुनाव में शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान होगा। इसके 48 घंटे पहले बुधवार शाम छह बजे प्रचार का शोर-गुल थम गया। इधर जबलपुर जिले के आठ विधानसभा में जिला निर्वाचन आयोग की फ्लाइंग स्क्वाड से लेकर सर्विलेंस टीम सक्रिय गई। तय नियमावली का पालन करने प्रशासन ने 280 से ज्यादा टीमों को फील्ड मे दौड़ा दिया। किसी ने रातभर गश्त कर प्रत्याशियों के प्रचार के शोर-गुल पर नजर लगाई तो कोई वीडियोग्राफी कर हर तस्वीर को कैमरे में कैद करता रहा। निर्वाचन आयोग ने मतदान को लेकर दिशा-निर्देशों को जारी कर दिया, जिसमें कहा गया कि विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अलावा केवल ऐसे व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे जिन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति दी गई है ।



# सशक्त लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक 17 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे-चैतन्य मिश्रा

**अनूपपुर।** लेखक एवं चिंतक चैतन्य मिश्रा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 17 नवंबर 2023 को नई सरकार बनाने के लिए मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का दिन बेहद महत्वपूर्ण दिनों में शुमार होने जा रहा है। मध्यप्रदेश की सभी 230 सीटों के लिए भी मतदान होना है,प्रदेश के 5 करोड़ 60 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे और प्रदेश का भविष्य तय करेंगे।प्रदेश में इस बार पुरुष एवं महिला मिलाकर लगभग पच्चीस लाख मतदाता बढ़े हैं।भारत का संविधान सभी देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है,इस अधिकार का प्रयोग हम सभी को अपना पहला कर्त्तव्य मानते हुए पूरा करना चाहिए। सशक्तलोकतंत्र के लिए इस पर्व में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। लेखक एवं चिंतक चैतन्य मिश्रा ने प्रदेश के सभी लोगों खासकर अपने जिले के लोगों से अपील व आग्रह किया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग अपने घरों से बाहर निकलें और मतदान कर के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। एक मत से भी प्रत्याशी की हार-जीत होती है।ऐसे में सभी को अपना बहुमूल्य मतदान जरूर करना चाहिए।कई लोग यह सोचकर वोट डालने नहीं जाते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। मेरे एक वोट से क्या होगा...?ऐसा नहीं होना चाहिए।हमें चुनाव में पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। हर वोटर को इस बात को ध्यान में रखकर वोट देना चाहिए कि कौन सा प्रत्याशी और सरकार हमारे समाज राज्य और देश के लिए अच्छी है।कौन आम जनता के मुद्दों पर बात करता है।ऐसे में जनता सोच-समझकर मताधिकार का उपयोग करें।खास तौर से युवा वर्ग जो 18 साल की उम्र के नौजवान वोटर है,जिन्होंने पहली बार अपने वोट के हक का इस्तेमाल करना है,वे अपने वोट की कीमत समझें और अपने मताधिकार का उपयोग करें।दिव्यांग और बुजुर्ग वोटर भी अपने वोट के हक का इस्तेमाल करते हैं,उनसे प्रेरणा लें। समाज को नई दिशा देने के लिए हमें अच्छी सरकार को चुनना होगा।लोकतंत्र की खूबसूरती मताधिकार में ही है। इससे सशक्त और मनचाही सरकार बनती है।ऐसे में मताधिकार करना बहुत जरूरी है और वह भी सोच- समझकर।सबसे पहले वोट करें फिर सारे काम करें,मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी।




# मड़फा तालाब सामतपुर अनूपपुर में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनाई जाएगी छठी मैया का पूजन त्यौहार बैठक कर लिए गए निर्णय






**अनूपपुर।** छठ पूजा समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ छठ मैया का पूजन किए जाने का निर्णय लिया गया जिसमें नगर के एवं पूर्वांचल वासियों के द्वारा 17 नवंबर को नहा - खा से कार्यक्रम प्रारंभ होगा उसी के साथ दिनांक 18 नवंबर शनिवार को खरणा के साथ सामतपुर मड़फा तालाब में दिन में 12ः00 बजे छठ मैया के पूजा का ध्वज वंदन के साथ शुभारंभ होगा। दिनांक 19 नवम्बर को सूर्यास्त के पूर्व साथ प्रथम अर्ग तथा 20 नवम्बर को सूर्य उदय के साथ द्वितीय अर्ग के द्वारा छठी मैया का पूजन कार्यक्रम किया जाएगा जिस पूजन की तैयारी हेतु पांडव कालीन सामतपुर अनूपपुर नगर के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल मड़फा तालाब मे पूजन हेतु घाट की सफाई के साथ छठी मैया के पूजन आसन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है । समिति के संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद ने बताया की 20 नवम्बर को सूर्योदय के साथ पूजा की समाप्ति पर समस्त उपस्थित श्रद्धालु एवं व्रत धारी माता और बहनों को पारण हेतु व्यवस्था की गई है । छठ घाट की तैयारी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजूलिका शैलेंद्र सिंह पार्षद गणेश रौतेल और शिव मारुति सेना के साथ साथ नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग के द्वारा साफ सफाई के साथ प्रकाश एवं टेंट की व्यवस्था की गई है पूजा की समस्त तैयारी मे महत्वपूर्ण योगदान देते हुए ऐतिहासिक छठ मैया के पूजा मे किसी प्रकार का समस्या उत्पन्न ना हो इस हेतु सुरक्षा की व्यवस्था के कहा । मड़फा सामतपुर तालाब के आयोजक मंडल में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अजुलिका शैलेंद्र सिंह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी समिति के संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद, कल्याण सिंह,कमलेश द्विवेदी, राजीव शुक्ला, लक्ष्मण राव ,चैतन्य मिश्रा ,आशीष त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह,पार्षद गणेश रौतेल ,अजय कुमार प्रसाद , शिवांशु रंजन,वरुण चटर्जी, सुजीत कुमार मिश्रा, श्रीमती संतोष दुबे, संदीप गर्ग, राहुल कुमार, समस्त शिव मारुति सेना के सदस्य, आरके सिंह ,डीएन यादव, विनोद सिंह, विजय राठौर ,गणेश राठौर, अनिल सिंह, प्रमोद गौर ,बद्रीनाथ तिवारी ,रविंद्र प्रताप यादव के साथ पूर्वांचल के सभी व्रत धारी के सहयोग से कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# पूरे शहर में पुष्प वर्षा के साथ हुई मां मनोकामना की विदाई 356 व्यंजनों का भोग बना आकर्षण का केंद्र बिंदु



**अनूपपुर (ब्यूरो)** मां मनोकामना समिति अनूपपुर के तत्वाधान में आयोजित मां मनोकामना की विदाई 14 नवंबर को पूरे शहर में हर गलियों,हर मार्ग में पुष्प वर्षा के साथ की गई।इस अवसर पर काफी संख्या में मनोकामना के भक्तगण,श्रद्धालु गण उपस्थित थे।मां मनोकामना को शहर भ्रमण करने के बाद मढ़िया स्थित तालाब में विसर्जित किया गया। 11 नवंबर 2023 को गाजे-बाजे के साथ श्री राम जानकी मंदिर में मां मनोकामना का भव्य आगमन हुआ था। उसी तरह गाजे-बाजे के साथ पुष्प वर्षा के साथ मां मनोकामना की विदाई की गई। श्री राम जानकी मंदिर के सामने मां मनोकामना का भव्य दरबार सजाया गया था।जिसमें सभी नगरवासी एवं दूरदराज से पहुंच सकने वाले सभी श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित होकर मनोकामना की पूजा,अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां मनोकामना का दिनांक 11/11/2023 दिन शनिवार को गाजे-बाजे के साथ मां का आगमन दोपहर 3 बजे राम जानकी मंदिर अनूपपुर के समीप हुआ।दिनांक 12/11/2023 दिन रविवार मां की विशेष पूजा आरती एवं हवन एवं मध्य रात्रि 12 बजे से प्रारंभ हुआ।दिनांक 13/11/2023 दिन सोमवार प्रातः10 बजे से कन्या पूजन एवं कन्या भोज एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।एवं संध्या भव्य महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण समय शाम 07.30 बजे से किया गया।एवं 356 व्यंजनों से मां के दरबार को सुसज्जित किया गया जो आकर्षण का केंद्र बिंदु बन रहा।दिनांक 14/11/20323 दिन मंगलवार प्रातः 09.00 बजे से सिंदूर रश्म एवं दोपहर 03.00 बजे से मां की विदाई नगर भ्रमण के साथ संपन्न की गई।पूरे रास्ता मां मनोकामना के भक्तगण पुष्पों की वर्षा करते नजर आए एवं मनोकामना को विदाई दी। मां मनोकामना समिति अनूपपुर ने सभी भक्तगणों,श्रद्धालु जनो एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।एवं इसी तरह सहयोग एवं सहभागिता की अपील भी की है।

## कटनी में ईवीएम में खराबी के कारण एक घंटे विलंब से शुरू हुआ मतदान

**कटनी।** माकपोल के बाद केंद्रों में मतदान शुरू हुआ। केंद्रों में मत डालने लोग पहुंच रहे हैं। आदर्श मतदान केंद्र में सबसे पहले मतदान करने वालों का माला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने मतदान केंद्र 243 शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी पहुंच कर मतदान किया। दोनों मतदाताओं के साथ कतार में लगकर मतदान किया।



बड़वारा व मुड़वारा एक घंटे विलंब से मतदान शुरू हो सका। बड़वारा विधानसभा के कुम्हवारा गांव में पुल की मांग के चलते बन्द रहा मतदान। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर रहे अधिकारी। कलेक्टर को बुलाने की ग्रामीण मांग करते रहे। केंद्र क्रमांक 163 गुलाब चंद स्कूल में 1 घण्टे बाद शुरू हुआ मतदान। ईवीएम में खराबी के कारण रुका था मतदान। मुड़वारा के केंद्र क्रमांक 94 की ईवीएम का हुआ सुधार आधे घंटे की देरी से मतदान शुरू हुआ। आदर्श मतदान केंद्र तिलक राष्ट्रीय स्कूल में मतदान करने पहुंच रहे लोग। मतदान केंद्र क्रमांक 92 मुड़वारा में पहली बार पिता के साथ मतदान करने पहुंची स्नेहा शर्मा ने किया मतदान। मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 93 के कांग्रेस प्रत्याशी मिथलेश जैन एडवोकेट ने पत्नी पूर्व महापौर राजकुमारी जैन के साथ बूथ क्रमांक 246 में मतदान किया। मुड़वारा के मतदान केंद्र क्रमांक 164 गुरुनानक वार्ड में परिवार सहित मतदान करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी संदीप जायसवाल।




## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने भोपाल में किया मतदान



**भोपाल।** प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर आज मतदान की प्रक्रिया चल रही है। मध्य प्रदेश में 16वीं विधानसभा के चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। इसमें प्रदेश के 5,60,58,521 करोड़ मतदाता अपनी सरकार चुनेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने भी आज सुबह राजधानी भोपाल में मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग किया। वह अपनी पत्नी स्मिता राजन के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और वोट डाला। मतदान करने के बाद उन्होंने पत्नी संग सेल्फी भी खिंचवाई। मतदान करने के बाद उन्होंने मीडियाकर्मियों के साथ चर्चा में कहा कि प्रदेश में 64626 मतदान केंद्रों में सुबह साढ़े पांच बजे सभी प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट्स की उपस्थित में पहले मोक पोल किया गया। उसके उपरांत सुबह सात बजे से सभी केंद्रों में मतदान आरंभ हो गया है। पूरे राज्य में शांतिपूर्वक मतदान चल रहा है। कहीं से कोई वारदात की या अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। कुछ स्थानों पर मोक पोल के दौरान पीएसयूसी में जरूर मामूली दिक्कत आई थी, उसको तत्काल रिप्लेस कर दिया गया था। हालांकि वो संख्या काफी कम या कहें कि नगण्य थी। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल पूरे प्रदेश में मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। हम लोग लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। सभी कलेक्टर्स, सारे सेक्टर आफीसर्स और पूरी टीम लगातार फील्ड में और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आब्जवर्स भी फील्ड में हैं। सभी मिल-जुलकर प्रयास कर रहे हैं कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से और सुगमतापूर्वक हो।




# शहडोल में पहले डाला वोट उसके बाद डिलिवरी, घर में आई नन्हीं परी



शहडोल। मतदान के प्रति लोगों की जागरूकता अब कई हदें पार कर चुकी है। शहडोल जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 20 में रहने वाले आदर्श वर्मा की पत्नी सुरभि वर्मा को डॉक्टर ने बताया कि आज उनका सीजर होना है। सुरभि ने अपनी पति से कहा कि वह अपना वोट डालना चाहती है उसके बाद ही सीजर कराएंगी। उनकी इस बात से आदर्श ने सहमति जताते हुए सुरभि को सबसे पहले सुबह 7~30 बजे रघुराज स्कूल परिसर स्थित बूथ पर लेकर गए और उन्होंने अपनी पत्नी सुरभि का सबसे पहले वोट कराया । सुरभि ने शहडोल में पहली बार वोट किया है और इसके बाद सुरभि अपने पति के साथ जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में गई वहां पर इनका सीजर हुआ और सीजर के बाद इनको कन्या रत्न की प्राप्ति हुई । सुरभि ने कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है पहली बार शहडोल में वोट किया है और वोट करने के बाद ही उनको बच्ची का जन्म दिया है । उन्होंने खुश होते हुए अपनी अंगुली पर लगी स्याही को दिखाया और कहा कि मैंने जागरूक मतदाता होने का परिचय दिया है और लोगों से भी यही अपील है कि वह भी पहले वोट डालें फिर घर के काम करें।

# संत हिरदाराम नगर एवं गांधीनगर के 104 बूथों पर मतदान जारी, मतदाताओं में उत्साह

**संत हिरदाराम नगर।** हुजूर विधानसभा क्षेत्र में शामिल संत हिरदाराम नगर एवं गांधीनगर में शुक्रवार को सुबह निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान शुरू हुआ। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र मिलाकर यहां 104 बूथ बनाए गए हैं। क्षेत्र में करीब एक लाख 18 हजार मतदाता हैं। संत हिरदाराम नगर में करीब आधा दर्जन संवेदनशील मतदान केंद्र भी हैं। इन केंद्रों के आसपास पुलिस बल तैनात है। पुलिस सभी मतदान केंद्रों की निगरानी कर रही है। कुछ स्मार्ट पोलिंग भी बनाए गए हैं। साधु वासवानी स्कूल में स्मार्ट पिंक बूथ पर सुबह से मतदान करने वालों की कतार लग गई। शासकीय कन्या शाला, जसलोक स्कूल, कम्युनिटी हाल, आंगनवाड़ी केंद्र एवं नवयुवक सभा में सुबह से ही मतदान करने के लिए मतदाता पहुंच गए थे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्धारित दूरी पर सहायता केंद्र भी बनाए हैं। यहां नागरिकों को बूथ क्रमांक एवं मतदाता सूची में क्रम बताया जा रहा है। कई मतदाताओं ने सुबह शिकायत की कि उनके पास मतदाता पर्ची नहीं पहुंची है। कुछ मतदाता वोटर कार्ड लेकर पहुंचे, लेकिन उनका नाम सूची से गायब थे। मतदान केंद्रों पर सुबह जल्दी मतदान होने के कारण अनेक स्थानों पर मतदान दलों ने मतदान केंद्रों पर ही रात गुजारी। मतदान सामग्री वाहनों से उतारने के साथ ही पुलिस का पहरा शुरू हो गया। मतदान केंद्रों पर केवल मतदाताओं, पासधारकों एवं एजेंटों की ही प्रवेश दिया जा रहा है। हुजूर से कांग्रेस के उम्मीदवार नरेश ज्ञानचंदानी शासकीय बालक हाईस्कूल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 के बूथ क्रमांक पांच में मतदान करेंगे। भाजपा उम्मीदवार रामेश्वर शर्मा कोलार गेस्ट हाऊस स्थित मतदान केंद्र में वोट देंगे।




# मुद्दा विहीन नजर आ रहे हैं इस बार के विधानसभा चुनाव

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, चुनावी सरगर्मियां एवं आक्रामकता बढ़ती जा रही है। उम्मीदवारों के चयन, चुनाव जीतने एवं सरकार बनाने को लेकर पूरी आक्रामकता है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर गहरा सन्नाटा पसरा है। इन चुनावों में सबसे बड़ी विडम्बना जो हर बार की तरह इस बार भी देखने को मिल रही है, वह है इन चुनावों का मुद्दाविहीन होना और दलबदल की स्थितियों का बढ़चढ़ कर सामने आना। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम एवं तेलेगाना में अब मतदाताओं के हाथ में राजनीतिक दलों और नेताओं के भाग्य की कुंजी आ गई है। इन चुनावों में भी हर बार की तरह इस बार भी जातिवादी जुनून, सांप्रदायिक कट्टरता और मतदाता को लुभाने-भरमाने की कोशिशें लोकतन्त्र की जड़ों को कमजोर कर रही है। चुनाव का समय सिटीजन ग्रुप्स से मिलकर, उनकी समस्याओं को सुनकर, उनके समाधान के लिये तत्पर होने का है, राजनीतिक दल अपनी जनता की मूलभूत समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी लें फिर उन समस्याओं के समाधान का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए जनता से वोट मांगें। देखा जाए तो लोकतंत्र की असली अवधारणा भी यही है। लेकिन मौजूदा समय में धनबल और बाहुबल चुनावों में हावी होता जा रहा है, राजनीति कभी सेवा का जरिया हुआ करती थी किन्तु आज व्यवसाय बनती जा रही है, यह चिंता का विषय है और इससे लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो रही हैं। आजादी के अमृतकाल का यह पहला चुनाव है,



चुनाव लोकतान्त्रिक प्रणाली के आधार होते हैं। इसी लोकतंत्र के महाकुंभ में लोककल्याण की योजनाओं की चर्चा होती है। राजनैतिक दलों ने चुनावों के अवसर पर लोक कल्याणकारी नीतियां जनता के सामने रखने का प्रचलन शुरू किया जिसे घोषणापत्र कहा गया। हर चुनाव की अलग परिस्थितियां होती हैं अतः घोषणापत्र भी हर बार नये प्रस्तुत किये जाते हैं। लेकिन विडम्बना यह है कि इन घोषणा-पत्रों एवं विजीत दल की सरकार बन जाने के बाद उसकी नीतियों एवं योजनाओं में काफी अन्तर आ जाता है। अतः मतदाता चुनाव के समय जागरूक होकर मतदान करे ताकि उनके साथ किये जाने वाले वायदे यथासंभव पूरे हों। इन पांच राज्यों के चुनावों में मतदाता को दोहरी भूमिका निभानी होगी- घर के मालिक की भी और घर के पहरेदार की भी। मालिक के नाते उसका कर्तव्य होगा कि वह जनता के हितों के ठेकेदार कहलाने वालों को ठोक बजाकर देखे-परखे। और घर के पहरेदार के नाते उसका कर्तव्य बनता है कि वह सिर्फ जागे ही नहीं बल्कि सतत सावधान भी रहे। इसी जागरूकता और सावधानी का तकाजा है कि वह सत्ता में बैठने के इच्छुक लोगों की कथनी-करनी को विवेक के तराजू पर तोले। चूंकि उसे ही सबसे अधिक खोना और सबसे अधिक पाना है, इसलिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी की है। इस जिम्मेदारी को मतदाता वैयक्तिक स्तर पर भी निभाएं- अपने आप से यह पूछकर कि उसके वोट देने का आधार क्या होगा। पहला निर्णय तो मतदाता को यह करना होगा कि उसे वोट देना ही है।

## फ्री खाना पाने के लिए महिला ने रेस्टोरेंट में किया शर्मनाक हरकत



इन दिनों लोग पैसे बचाने के लिए कई खराब हरकतें भी करने लगते है। कभी शॉपिंग मॉल में चोरी की घटना सामने आती है तो कभी रेस्टोरेंट में लोग फ्री खाना पाने के लिए अजीब तरीके अपनाते है। ऐसा ही वाक्या यूके ब्लैकबर्न की ऑबजर्वेटरी में देखने को मिला है। यहां एक महिला ने फ्री खाना पाने के चक्कर में अपने बाल ही खाने की थाली में डाल दिए और इसकी शिकायत रेस्टोरेंट के मैनेजर से की। हालांकि महिला को ये नहीं पता चला कि उसकी हरकत कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेस्टोरेंट के ओनर ने महिला की हरकत का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर शेयर कर लोगों को सचेत रहने की चेतावनी दी है। रेस्तरां के मालिक टॉम क्रॉफ्ट को अपने रेस्टोरेंट में आए कस्मटर को डिनर वापस करना पड़ा क्योंकि उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया था। कस्टमर ने आरोप लगाया था कि उनके भोजन में बाल पाए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बाद में टॉम क्रॉफ्ट ने जब सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पाया कि उनके कर्मचारियों के बाल पीछे बंधे हुए थे। इसके बाद महिला की सीसीटीवी फुटेज देखने पर उन्हें पता चला कि महिला ने कैसे चालाकी से भोजन में बाल जोड़ दिए। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को फेसबुक पर शेयर किया और लिखा, अन्य व्यवसायों के लिए चेतावनी। यह ऐसा कुछ नहीं है जो हम करना पसंद करते हैं, लेकिन यह उद्योग हमारे खर्च पर रिफंड का दावा करने के लिए अपने स्वयं के भोजन को खराब करने वाले ऐसे लोगों के बिना काफी कठिन है। उम्मीद है, इससे अन्य प्रतिष्ठानों को इन दो लोगों के हाथों पीड़ित होने से बचाया जा सकेगा। फुटेज में स्पष्ट रूप से दिखाया गया है कि वह शिकायत करने और पैसे वापस करने का दावा करने के लिए अपने सिर से बाल उखाड़ रही है और उसे अपनी प्लेट पर रख रही है। पोस्ट के अंत में उन्होंने दूसरों से भी ऐसे मामलों में सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने जो वीडियो शेयर किया है उसमें आप एक पुरुष और एक महिला को एक टेबल पर देख सकते हैं। जैसे ही वे बातचीत में शामिल होते हैं, महिला तुरंत अपने बालों की कुछ लटें पकड़ लेती है और उसे अपने सामने आधी-खाली प्लेट में जोड़ देती है। बता दें कि इस वीडियो को पांच नवंबर को शेयर किया गया था जिसपर अबतक 15 हजार व्यूज आ चुके है।

# जब 100 प्रतिशत मतदान होगा तभी जनप्रतिनिधियों की गुणवत्ता में सुधार होगा

भारत आज वैश्विक पटल पर एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है एवं भारत विश्व को कई क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है। कुछ देश (चीन एवं पाकिस्तान सहित) भारत की इस उपलब्धि को सहन नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर समस्त विघटनकारी शक्तियां मिलकर भारत को तोड़ना चाहती हैं। इन विघटनकारी शक्तियों द्वारा भारत में जातीय संघर्ष खड़ा करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जबकि भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन समस्त भारतीय समाज में एकजुटता बनाए रखना चाहते हैं ताकि भारत को एक बार पुनः विश्व गुरु बनाया जा सके। परंतु, आज विघटनकारी शक्तियों के निशाने पर मुखर रूप से हिंदुत्व, भारत एवं संघ आ गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया है। संघ के स्वयंसेवक समाज की सज्जन शक्ति के साथ मिलकर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं कि किस प्रकार इन विघटनकारी शक्तियों को परास्त किया जा सकता है। भारत में शीघ्र ही निर्वाचन काल प्रारम्भ होने जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आज राष्ट को भारत माता के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले नागरिकों की बहुत अधिक आवश्यकता है। अतः भारतीय समाज द्वारा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान किया जाय एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत प्रत्याशी ही चुनाव जीत सकें, इसके लिए समाज को साथ लेकर भारतीय नागरिकों द्वारा विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भी कई तरह के प्रयास समय समय पर किए जाते हैं ताकि देश के नागरिकों द्वारा 100 प्रतिशत मतदान किया जा सके। निश्चित ही 50 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि की तुलना में 90 अथवा 100 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि बेहतर प्रतिनिधि ही साबित होंगे। अतः अधिक से अधिक मतदान किया जाना आज समय की आवश्यकता



है। इससे चुने गए प्रतिनिधियों की गुणवत्ता में तो सुधार होगा ही साथ ही, वर्तमान समय में भारत की आर्थिक प्रगति भी जारी रह सकेगी एवं भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित होते हुए भी हम लोग देख सकेंगे। कई बार विभिन्न दलों के समस्त प्रत्याशी कुछ मतदाताओं को पसंद नहीं आते हैं, इन परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को नोटा का बटन दबाने का अधिकार रहता है। परंतु, कोई प्रत्याशी मतदाता की नजर में 100 प्रतिशत खरा प्रत्याशी होगा, ऐसा सम्भव भी तो नहीं है। इन परिस्थितियों में कम से कम बुरे प्रत्याशी को चुना जा सकता है। नोटा का बटन दबाकर तो कम बुरे प्रत्याशी के स्थान अधिक बुरा प्रत्याशी ही चुना जा सकता है। संघ के परम पूज्य सर संघचालक भी कहते हैं कि ÷नोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है। होना यह चाहिए कि हमारे पास जो सर्वोत्तम उपलब्ध है, उसे चुन लें। प्रजातंत्र में सौ फीसदी लोग सही मिलेंगे, ऐसा बहुत मुश्किल है।÷ यह आकलन पूर्णतः सही ही कहा जा सकता है क्योंकि मतदाता भले ही नोटा दबा कर यह समझे कि उसने सभी उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया है लेकिन शायद उसे यह नहीं पता होता कि इस से किसी ऐसे उम्मीदवार की कम अंतर से हार हो सकती है जो उन सबमे सबसे बेहतर हो। ऐसे में नोटा को गए वोट अगर उस हारे उम्मीदवार को जाते तो वह जीत सकता था। अगर इस कारण किसी बुरे उम्मीदवार की जीत हो जाती है तो फिर नोटा दबाने के कोई मायने ही नहीं रह जाते। भारत में चुनावों पर हजारों करोड़ रुपए की राशि खर्च होती है। अतः केंद्र एवं राज्यों में मजबूत सरकारों का चुना जाना अति आवश्यक है, ताकि वे अपने 5 वर्ष के कार्यकाल को सफलता पूर्वक सम्पन्न कर सकें। यदि 100 प्रतिशत मतदान के साथ किसी भी सरकार को चुना जाता है तो निश्चित ही मजबूत सरकार होगी एवं वह अपना कार्यकाल पूर्ण कर सकने में सफल भी होगी और इस प्रकार मध्यावधि चुनावों की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। इस प्रकार, देश के करोड़ों रुपयों के खर्च को बचाया जा सकेगा। इसलिए भारत में आज पढ़े लिखे एवं समझदार वर्ग को भी आगे आकर 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करने चाहिएं, क्योंकि जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज आगे बढ़ रहा है, यह कार्य लम्बे समय तक जारी रहना चाहिए। इजराइल के नागरिकों में देश प्रेम की भावना के चलते ही 3 लाख से अधिक नागरिकों ने आगे आकर सेना में भर्ती होने के वहां की सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार किया है।

# दीपावली पर भारतीयों ने खरीदे मेड इन इंडिया

उत्पाद, चीन को हुआ एक लाख करोड़ का घाटा इस वर्ष दीपावली त्यौहार के धनतेरस के दिन भारतीयों ने विभिन्न उत्पादों की जमकर खरीद की है। भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अब बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी कारण से वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के वृद्धिगत सकल घरेलू उत्पाद में भारत की भागीदारी 15 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। भारत ने अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारत में आज आम आदमी की आमदनी बढ़ रही है, आम आदमी की तरक्की जारी है एवं इसे और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। इसी के चलते भारतीय बाजारों में दीपावली के पावन पर्व पर भारी भीड़ एवं रौनक दिखाई दे रही है। भगवान धन्वन्तरि भारतीय नागरिकों पर जैसे धन की वर्षा करते नजर आ रहे हैं। भारत में धनतेरस के दिन किसी भी प्रकार के उत्पाद की खरीददारी को शुभ माना जाता है। विशेष रूप से बर्तन, गहने, वाहन एवं मकान आदि भारी मात्रा में खरीदे जाते हैं। इस वर्ष भारतीय बाजारों में एक और शुभ संकेत दिखाई दे रहा है कि भारतीय नागरिक वोकल फोर लोकल एवं आत्म निर्भर भारत जैसे विचार से सहमत होते हुए केवल भारत में निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीद कर रहे हैं। रीयल एस्टेट सेक्टर, कार डीलर्स, जौहरियों एवं किराना व्यवसायियों की तो जैसे लॉटरी ही लग गई है। इस वर्ष दीपावली त्यौहार में बाजारों में उमड़ रही भीड़ अपने आप में भारत की आर्थिक शक्ति बनने की कहानी कह रही है। भारतीय ग्राहकों में उत्साह दिख रहा है। ग्राहकों का उत्साह देखकर कारोबारी एवं व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज एसोसीएशन के अनुसार, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में देश में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। इस खरीद की विशेष बात यह रही है कि उपभोक्ताओं में चीन में निर्मित माल के स्थान पर भारत में ही निर्मित स्वदेशी सामान की जबरदस्त मांग देखने को मिली है। जबकि छठ पूजा एवं भैया दूज समेत अभी कई त्यौहार आना शेष है, इस प्रकार आगे आने वाले अन्य त्यौहारों के शुभ अवसर पर 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यापार होने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। उक्त संस्थान ने ÷भारतीय उत्पाद- सबका उस्ताद नामक एक कैम्पेन भी भारत में, हाल ही में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम के दौरान, चलाया था, जिसका भारतीय नागरिकों पर जबरदस्त प्रभाव दिखाई दिया है। साथ ही इस वर्ष के त्यौहारी मौसम में चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार का नुकसान हुआ है। क्योंकि, इसके पहले चीन में बनी वस्तुओं की भारतीय बाजारों में 70 प्रतिशत तक बिक्री होती थी परंतु इस वर्ष भारतीय बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की मांग इतनी अधिक थी कि चीन में निर्मित वस्तुओं की बिक्री बहुत ही कम हो गई है।



# विधानसभा चुनाव का प्रापर्टी के कारोबार पर दिखा असर, इस बार त्योहारी सीजन में कम हुई रजिस्ट्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का असर प्रापर्टी के कारोबार पर भी पड़ रहा है। शहर के बिल्डरों को दुर्गा पूजा से दीवाली तक कारोबार में बूम की उम्मीद रहती है, लेकिन आंकड़े इसके उलट हैं। अगस्त में 5,459, सितंबर में 5,229 और त्योहारी सीजन होने के बावजूद अक्टूबर में 4,804 रजिस्ट्री हुई है। नवंबर में भी अभी दस दिनों में सामान्य महीनों की अपेक्षा कम ही रजिस्ट्री हो रही है। प्रापर्टी में अगस्त तक जबरदस्त बूम आया था। कहीं लोगों ने प्लाट खरीदे तो कहीं फ्लैट। पंजीयन कार्यालय भी गुलजार था, लेकिन अब यही प्रापर्टी में आया बूम गिरता नजर आ रहा है।




### रजिस्ट्री की संख्या में आई कमी

पंजीयन कार्यालय में बीते माह की अपेक्षा रजिस्ट्री की संख्या में कमी आई है। बिल्डर पुराना धमतरी रोड, कचना रोड, विधानसभा रोड में नए टाउशिप में स्वतंत्र मकान और फ्लैट बना रहे थे। त्योहारी सीजन होने के बावजूद भी ग्राहक ढूंढ़ने में पसीना छूट रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में कुछ भूखंडों की बिक्री हो रही थी। अब चुनाव करीब आ रहा है।

**हर माह गिरावट:** पंजीयन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो जुलाई में में 5,712, अगस्त में 5,459, सितंबर में 5,229 और अक्टूबर से लेकर अब तक 4,804 रजिस्ट्री हुई है। रजिस्ट्री में हर माह में गिरावट आई है। यही नहीं, बैनामे भी कम हुए हैं।

### आचार संहिता से ऐसे लगा झटका

जमीन खरीदी-बिक्री से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि जमीन खरीदनी हो या फिर फ्लैट या मकान लेना हो। ये खरीद-फरोख्त अधिकांशत~ दो नंबर में अधिक होती है। ऐसे में लोग नकदी लेकर निकलते हैं। इस समय आचार संहिता लगी है। लोग नकदी लेकर निकलेंगे तो कहीं न कहीं जांच में पकड़े जाएंगे और ऐसे में वह इस पैसे का हिसाब नहीं दे पाएंगे। आयकर विभाग की भी नजर ऐसे पैसों पर है। इसलिए भी जमीन की खरीद कुछ दिन में कम होने की संभावना है। रायपुर पंजीयन विभाग के मुख्य पंजीयक आशुतोष कौशिक ने कहा, निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से प्लस में हैं। इस माह रजिस्ट्री की संख्या में थोड़ी कमी आई है। साथ ही बैनामे भी कम हुए हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में झोंकी ताकत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 70 सीटों पर 17 नंवबर को होने वाले मतदान को लेकर आज शाम बजे राजनीतिक दलों का प्रचार प्रसार थम जाएगा। इसके पहले शीर्ष नेताओं अपने-अपने प्र?याशियों के लिए प्रचार को लेकर ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में आज कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी बेमेतरा और बलौदाबाजार जिले में आमसभा को संबोधित करेंगे। राहुल यहां बीटीआइ ग्राउंड में दोपहर 12 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद बलौदाबाजार के स्?टेडियम ग्राउंड में दोपहर 2.50 बजे आम सभा को संबोधित करेंगे।

### आज शाम पांच थम जाएगा चुनाव प्रचार

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण में बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए 15 नवंबर को शाम पांच बजे तक प्रचार-प्रसार का शोर थम जाएगा। मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। जिले की द्वितीय चरण के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 46 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में छह लाख 58 हजार 593 मतदाता है। अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विधानसभा प्रतिनिधि (विधायक) चुनने में विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के युवा मतदाताओं की भी अहम भूमिका रहेंगी। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 19 से 39 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 460472 है। इनमें युवा पुरुष 236907 मतदाता और युवा युवती 223561 मतदाता है। जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए 17 नवंबर को सवेरे आठ से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। मतदान दलों को 16 नवंबर जिला मुख्यालय कृषि उपज मंडी परिसर से सवेरे सात बजे से सामग्री वितरण होगा और 17 नवंबर को शाम पांच बजे के बाद वापसी होगी। मतगणना तीन दिसंबर 2023 को होगी।

# शराब पीने के बाद आपसी लेनदेन को लेकर विवाद में युवक की हत्या

## नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के हीरापुर में युवक की हत्या का मामला सामने आया है। खबरों के अनुसार युवक शिवा यदु की इलाज के दौरान एम्स अस्पताल में मौत हो गई। आपसी लेनदेन की बात पर आरोपी गजेंद्र के साथ शराब पीने के दौरान विवाद हुआ। जिसके बाद दोनों ने एक-दूसरे पर प्राणघातक हमला किया। हमले में दोनों गंभीर घायल होने पर अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपित गजेंद्र यदु, मोती यदु और एक नाबालिग समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक शिवा यदु नशे का कारोबार करने वाली लेडी डान मुस्कान रात्रे के पति प्रिंस का बड़ा भाई है। यह मामला कबीर नगर थाना इलाके का है।

# पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के बी-2 कोच में आग लगने से मचा हड़कंप, धुआं उठने के बाद मची अफरातफरी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में पुरी से अहमदाबाद जा रही पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के बी-2 कोच में पावर हाउस भिलाई रेलवे स्टेशन में आग लग गई। आग कोच के नीचे तरफ लगी थी। ट्रेन में आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्रियों ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे स्?टाफ को दी। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार पुरी से अहमदाबाद जा रही पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस बुधवार सुबह 10ः20 बजे पावर स्टेशन पहुंची थी। इसी दौरान ट्रेन के बी-2 कोच में अचानक लग गई। बी-2 कोच से धुआं निकलते देख रेल यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद यात्रियों ने शोर मचाया कि ट्रेन के नीचे से धुआं निकल रहा है। ट्रेन में आग लगने की खबर मिलते ही तत्काल रेलवे हमला हरकत में आया और आग पर काबू पा लिया है।


# नेशनल हाइवे 49 के चोढा चौक में स्विफ्ट कार से खरसिया पुलिस ने की 3 लाख 10 हजार की बरामद

**रायगढ़।** निर्वाचन विभाग के निर्देश के तहत जिले के विभिन्न चौक चौराहें में पुलिस कैंप बनाकर वाहनों की सघन जांच कर रही है। जिसमे खरसिया पुलिस ने नेशनल हाईवे 49 के चोढा चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान रात्रि में स्विफ्ट कार से 3 लाख 10 हजार रुपये बरामद की है। जिसमें चालक द्वारा संतोषप्रद व रकम के सम्बंध में वैध दस्तावेज उपलब्ध कराने में असक्षम होने पर आचार संहिता के उलंघन का प्रकरण बनाकर जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 49 में चोढा चौंक पर नाकेबंदी कर खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के हमराह खरसिया थाना के स्टाफ आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही थी । इसी दरमियान रायगढ़ की ओर से सक्ती जा रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार सीजी -13 ए वी 5447 को जांच के लिए रोका गया। कार को चेक करने पर कार के डेश बोर्ड पर अखबार में लिपटा 500 और





100 के बंडल कुल 3,10,000 रुपए नगद रखा हुआ मिला । खरसिया पुलिस द्वारा कार में बैठे व्यक्ति से पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम हुसैन खान पिता अनीस खान उम्र 38 साल निवासी जिंदल रोड भगवानपुर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया जिसे आचार संहिता दौरान नकद रूपयों के परिवहन संबंधी जानकारी देकर रूपयों के प्रयोजन के संबंध में पूछताछ करने पर हुसैन खान कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। ततपश्चात खरसिया पुलिस द्वारा नकद 3,10,000 रुपए रूपयों को संदिग्ध रकम मानकर धारा 102 सीआरपीसी के तहत जब्त किया गया है। वहीं, रकम परिवहन के प्रकरण में जिले भर में इस तरह की घटना लगातार सामने आ रही है।

# अनन्या ने मुंबई में खरीद अपना घर



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने मुंबई में अपना खुद का एक बेहद आलीशान घर खरीदा है। अनन्या पांडे ने अपने घर के गृह प्रवेश की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। पहली फोटो में एक्ट्रेस पूजा के लिए बने मंदिर के पास हाथ जोड़े बैठी हैं। अगली स्लाइड में अनन्या ने एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में वे अपने घर के बाहर नारियल फोड़ती नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- मेरा खुद का घर...इस नई शुरूआत के लिए आप सबके प्यार और अच्छी वाइब की जरूरत है। सभी को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं'। बता दें कि, अनन्या के इस कामयाबी पर उन्हें ढेरों बधाईयां भी मिल रही हैं. उनकी मां भावना से लेकर शिल्पा शेट्टी और कजिन अलायना पांडे तक एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# 19 को आ रहे हैं मिस्टर एंड मिसेज माही



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही लंबे समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। अब इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। शरण शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और एक्स पर इस फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का एलान भी कर दिया है। धर्मा प्रोडक्शन ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा दो दिल एक सपने का पीछा कर रहे हैं और यह बिल्कुल पिच-एर परफेक्ट है।

# दीपिका को कंपीटिशन कहने पर चिढ़ी करीना



**नई दिल्ली।** करण जौहर चैट शो कॉफी विद करण का सीजन 8 लेकर आ चुके हैं। करण चैट शो में अपने गेस्ट से उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे सवाल पूछते नजर आते हैं। करण के शो में आने वाल एपिसोड में करीना कपूर और आलिया भट्ट आने वाली हैं। शो के एपिसोड का नया प्रोमो सामने आ गया है। जिसमें करण जौहर आलिया और करीना के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। शो के रैपिड फायर राउंड में करण करीना से दीपिका को लेकर सवाल पूछते हैं। जिसका करीना ऐसा जवाब देती हैं कि सब चुप हो जाते हैं। कॉफी विद करण 8 के प्रोमो में करण जौहर करीना कपूर से पूछते हैं कि क्या वह दीपिका पादुकोण को अपना कंपीटिशन मानती हैं? जिसके जवाब में करीना कपूर कहती हैं- ये आलिया का रैपिड फायर का सवाल है मेरा नहीं। करीना कपूर के जवाब के बाद आलिया हंसती हुई नजर आती हैं वहीं करण कहते हैं- आ गई ना लाइन पर।


# भाईदूज विशेष : सुपरस्टार्स की बहनें रहती हैं चकाचौंध से दूर

*मुंबई। भाई दूज का त्योहार आज यानि 15 नवंबर को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के बाद भाई-बहन के इस खास त्योहार को भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। भाई-बहन के इस त्योहार पर हम आज हम आपको बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार्स सलमान, शाहरुख, अक्षय और ऋतिक की बहनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो लाइमलाइट से दूर रहती हैं।*



## शाहरुख अपनी बड़ी बहन का रखते हैं खास ख्याल

शाहरुख खान की एक बड़ी बहन है, जिनका नाम शहनाज लालारुख है। माता-पिता को कम उम्र में खोने का एक्टर की बहन को गहरा सदमा लगा था। इसी वजह से वो लंबे समय तक डिप्रेशन में थीं। माता-पिता के बाद शाहरुख ने ही अपनी बड़ी बहन की सारी जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने अपनी बहन का इलाज कराया और आज वो पहले ठीक है। शाहरुख खान अपनी बहन से बहुत प्यार करते है और उनकी हर मदद के लिए वो सबसे आगे रहते हैं।



## अक्षय की बहन रहती हैं लाइमलाइट से दूर

अक्षय कुमार की एक छोटी बहन है, जिनका नाम अलका भाटिया है। अक्षय अपनी बहन से बहुत प्यार करते हैं और सोशल मीडिया पर अपनी बहन के साथ फोटोज शेयर जरूर करते हैं। अक्षय की बहन अलका लाइमलाइट से काफी दूर रहती हैं, लेकिन अपनी शादी के दौरान काफी सुर्खियों में आ गई थीं। दरअसल, अलका ने अपने से 15 साल बड़े बिजनेसमैन सुरेंद्र हीरानंदानी संग शादी रचाई है।

# 17 की उम्र में बनीं मिस इंडिया 18 की होते ही मिल गई फिल्म

**मुंबई।** जूही चावला आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। एक्ट्रेस आज 56 साल की हो गई हैं। जूही ने महज 17 साल की उम्र में मिस इंडिया का खिताब जीता था और 18 साल की उम्र में बॉलीवुड डेब्यू कर लिया था। एक्ट्रेस आज भले ही पर्दे से दूर हैं लेकिन अपने करियर में वे करीब 80 फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जिसमें से कई हिट तो कई फ्लॉप रहीं। फिल्मों में आने से पहले जूही चावला मॉडलिंग किया करती थीं। एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी करियर में 2 फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किए।




***1986 में सल्तनत से किया डेब्यू :*** जूही चावला ने 1986 में आई फिल्म 'सल्तनत' से बॉलीवुड डेब्यू किया था, हालांकि उनकी यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म में उनके साथ दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी, सनी देओल, अनुपम खेर, धर्मेंद्र और अमरीश पुरी दिखाई दिए थे। पहली फिल्म फ्लॉप होने के बाद जूही ने कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमाई लेकिन बहुत जल्द ही बॉलीवुड में कमबैक कर लिया।


***इन फिल्मों से जूही को मिला बड़ा ब्रेक :*** जूही ने मिस इंडिया का खिताब जीता और फिर एक्टिंग की दुनिया में आ गईं. यहां उन्होंने 'तुम मेरे हो', 'दौलत की जंग', 'डर', 'हम हैं राही प्यार के', 'राम जाने' और 'दिल है हिंदुस्तानी' जैसी फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। जूही को असल फेम फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से मिला।

# बॉलीवुड के सितारों के घर दिखी दिवाली की धूम

**मुंबई।** पूरे देश में इस वक्त रोशनी के त्योहार दिवाली की धूम मची हुई है। वहीं बॉलीवुड में भी दिवाली पार्टियों का दौर जारी है। आपके फेवरेट सितारे सजधज कर इस त्योहार का जश्न मनाते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही वो सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को बधाई भी दे रहे हैं। सभी ने अपने-अपने अंदाज में अपने चाहने वालों को 'हैप्पी दिवाली' कहा....।

***माधुरी दीक्षित ने शेयर की दिवाली पार्टी की तस्वीरें :*** बॉलीवुड की धक-धक गर्ल यानि माधुरी दीक्षित ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। ये तस्वीरें अमृतपाल सिंह की दिवाली पार्टी की हैं.।जिसमें एक्ट्रेस अपने पति के अलावा विक्की कौशल-कैटरीना कैफ, सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी, भूमि पेडनेकर जैसे सितारों के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए माधुरी ने लिखा दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं..'





***करण जौहर ने शेयर किया बच्चों के साथ वीडियो:*** फेमस फिल्ममेकर करण जौहर ने भी अपने फैंस को दिवाली की बधाई दी है। इसके लिए करण ने अपने बच्चों के साथ एक वीडियो शेयर किया। जिसमें तीनों ट्विनिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए करण ने लिखा – 'मेरे दो अनमोल रतन... आपको और आपके परिवार को शुभ दीपावली..जीवन के लिए प्यार और प्रकाश'

***तारा सुतारिया पर भी चढ़ा दिवाली का खुमार :*** एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने भी दिवाली के मौके पर अपना बेहद खूबसूरत वीडियो फैंस के साथ शेयर किया और उन्हें दिवाली की बधाई दी। इस वीडियो में तारा ने अपने घर की डेकोरेशन की भी झलक दिखाई। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा - 'शामें रंगोली सी, ये रातें तारों वाली, ऐसा इश्क़ हुआ है,जैसी आयी दिवाली..'

***इन जोड़ियों ने भी मनाई अपनी पहली दिवाली :*** परिणीति और राघव के अलावा कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा, स्वरा भास्कर-फहाद अहमद, पलक मुच्छल-मिथुन और असीस कौर-गोल्डी सोहेल की भी यह पहली दिवाली रही। काम के मोर्चे पर बात करें तो परिणीत, इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आएंगी। इसमें उनकी जोड़ी दिलजीत दोसांझ के साथ बनी है। उन्हें आखिरी बार अक्षय कुमार के साथ 'मिशन रानीगंज' में देखा गया था।

# आधार कार्ड अपडेट के लिए ज्यादा चार्ज मांगने पर यहां करें शिकायत; झट से होगा एक्शन




**इंदौर।** आधार कार्ड आज हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है ज्यादातर कागजी कार्रवाई के लिए इसकी आवश्यकता पड़ती है। आधार कार्ड अपनी पहचान दिखाने, गैस सिलेंडर में नंबर लगवाने, सिम कार्ड से लेकर बैंक तक के कामों में अनिवार्य हो गया है। ऐसे में आधार कार्ड में दी गई जानकारी भी सही और अपडेट रहना जरूरी है। आधार कार्ड में ज्यादातर लोगों के फोटो, नाम, पता, मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां पुरानी या गलत होने पर ठीक करवा सकते हैं। इसके लिए आधार केंद्र पर जाकर मामूली शुल्क जमा कर अपडेट करा सकते हैं।

### आधार केंद्र पर ज्यादा पैसे की मांग

कई बार आधार केंद्र पर मौजूद कर्मचारी काम करवाने के एवज में या जल्द काम करवाने के नाम पर तय शुल्क से अधिक राशि की मांग करते हैं। ज्यादातर लोगों को शुल्क की जानकारी नहीं होने पर ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं ऐसे में आज हम आपको बताएंगे आधार केंद्र पर कौन-कौन से काम होते हैं और किस कार्य के लिए कितना शुल्क देना पड़ता है। आधार कार्ड पर अपना नाम, पता, जन्मतिथि ठीक करवानी हो या फिर फोन नंबर बदलवाना हो, फोटो अपडेट करानी हो या अपने माता-पिता, पति या गार्जियन का नाम बदलवाना हो तो आधार केंद्र जाकर उसे सुधरवा या अपडेट करवा सकते हैं।

# सोने का भाव फिर पहुंचा 60 हजार के पार, चांदी में देखने को मिली तेजी



**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में 14 नवंबर 2023 को सोने के भाव में तेजी आई है। सोने का भाव 60071 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 13 नवंबर 2023 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 192 रुपये की तेजी आई है। चांदी के भाव में भी तेजी देखने को मिली है। चांदी का भाव 69951 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 10 नवंबर से 551 रुपये की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 13 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 59892 रुपये थी। 14 नवंबर की शाम को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 60071 रुपये हो गई है। इसी तरह 13 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 69400 रुपये थी। 14 नवंबर की सुबह को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 69951 रुपये हो गई। 13 नवंबर को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 59751 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 55025 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 45053 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 35142 रुपये हो गई है।

### मिस्ड कॉल लगाकर जानें सोने-चांदी का भाव

ibja केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं। मिस्ड कॉल के कुछ ही समय बाद एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाते हैं। गोल्ड या सिल्वर का रेट जानने के लिए www.ibja.co या ibjarates.com पर भी जा सकते हैं।

## ईपीएफओ खाताधारकों के लिए खुशखबरी, मिलने लगे ब्याज के पैसे, ऐसे करें चेक




नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सब्सक्राइबर्स के लिए खुशखबरी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ खातों में ब्याज जमा होना लगा है। अकाउंट में ब्याज क्रेडिट होते ही अमाउंट बढ़ जाएगा। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ईपीएफओ ने बताया कि प्रक्रिया पाइपलाइन में हैं। जल्द ब्याज खातों में जमा किया जाएगा। सदस्य धैर्य बनाए रखें। केंद्र सरकार ईपीएफ ब्याज की दर 8.15त्न निर्धारित की है। बता दें आप घर बैठे पीएफ खाते में जमा राशि जान सकते हैं। भविष्य निधि अकाउंट में हर महीने नौकरी पेशा वर्ग की सैलरी के काटकर जमा किया जाता है। देश में सात करोड़ सक्रिय ईपीएफ सदस्य हैं।

# धनतेरस में सोने की कीमत में भारी गिरावट पीली धातु घर लाने का अच्छा मौका



**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में 9 नवंबर 2023 को सोने के भाव में भारी गिरावट आई गई। सोने का भाव 60097 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 8 नवंबर 2023 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 443 रुपये की कमी आई है। चांदी के भाव में तेजी देखने को मिली है। चांदी का भाव 70300 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 7 नवंबर से 91 रुपये की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 8 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 61540 रुपये थी। 9 नवंबर की शाम को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 60097 रुपये हो गई है। इसी तरह 8 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 70209 रुपये थी। 9 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 70300 रुपये हो गई। 8 नवंबर को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 59856 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 55049 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 45073 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 35157 रुपये हो गई है। द्बद्धद्बड्ड केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं।

### किसानों को दिवाली का तोहफा,

# इस दिन बैंक खाते में आएगी पीएम किसान योजना की अगली किस्त




**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने किसानों के लिए पीएम किसान योजना की शुरुआत की है। इस स्कीम में किसानों को हर साल छह हजार रुपये मिलते है। यह रकम तीन किस्तों में बैंक खाते में जमा होती है। 27 जुलाई, 2023 को कृषकों के अकाउंट में 14वीं किस्त आई थी। अब मोदी सरकार ने पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त की तारीख की घोषणा कर दी है। पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त 15 नवंबर को किसानों के खातों में आएगी। सरकार ने कृषकों को दिवाली का तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के साथ संवाद में कहा कि 15 नवंबर को पैसा ट्रांसफर किया जाएगा। इस योजना का लाभ सिर्फ उन कृषकों को मिलेगा, जिनका ई-केवाईसी पूरा है। जिन किसानों ने ई-केवाईसी और जमीन का वेरिफिकेशन नहीं किया है। उनकी किस्त रूक सकती है।

## RBI PNB और Federal Bank और 2 NBFC पर सख्त, लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक का काम देश की सभी बैंकों के कामों पर नजर रखना है। बैंक जब भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों का उल्लंघन करती हैं तो वह इन पर पेनाल्टी भी लगाती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पंजाब नेशनल बैंक, फेडरल बैंक, मर्सिडीज बेंज फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और कोसामट्टम फाइनेंस लिमिटेड, कोट्टयम पर जुर्माना लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि 72 लाख रुपये का पीएनबी और 30 लाख रुपये का फेडरल बैंक को पेनल्टी देनी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मर्सिडीज बेंज फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 10 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। मर्सिडीज बेंज फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर यह जुर्माना नो योर कस्टमर 2016 के नियमों की अनदेखी करने पर लगा है।




# त्योहारी सीजन में भारी सरकार की झोली, जीएसटी कलेक्शन रहा 1.72 लाख करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अक्टूबर महीने में बेहद शानदार जीएसटी कलेक्शन हुआ है। पिछले महीने जीएसटी कलेक्शन 1.72 लाख करोड़ रुपये रही। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी के लागू होने के बाद अक्टूबर में जीएसटी कलेक्शन का सबसे उच्च स्तर है। पिछले वर्ष अक्टूबर के मुकाबले जीएसटी कलेक्शन में 13 फीसदी का उछाल हुआ है। वित्त मंत्रालय ने अक्टूबर 2023 के लिए जीएसटी कलेक्शन का डेटा जारी किया। जिसके अनुसार, अक्टूबर महीने में 1.72 करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली हुई। इसमें सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91,315 करोड़ रुपये और 12,456 करोड़ रुपये सेस से वसूला गया। वित्त मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन 1.66 लाख करोड़ रुपये रही, जो 11त्न ज्यादा है।




पिछले साल अक्टूबर महीने के मुकाबले अक्टूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन 13त्न ज्यादा रहा। घरेलू ट्रांजेक्शन से रेवेन्यू में 13 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। केंद्र सरकार ने सीजीएसटी में 42,873 करोड़ और आईजीएसटी में 36,614 करोड़ एसजीएसटी के तौर पर सेटल किया। अक्टूबर में सरकार का रेवेन्यू 72,934 करोड़ सीजीएसटी रहा। प्रदेशों को 74,785 करोड़ रुपये एसजीएसटी के तौर पर मिला है। अप्रैल महीने में जीएसटी कलेक्शन 1,87,035 करोड़ रुपये था। मई से सितंबर के बीच गिरावट रही। जीएसटी कलेक्शन सितंबर 2023 में 1,62,712 करोड़ रुपये था।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)